## संक्षिप्त

### इंस्पायर अवार्ड में छात्र विशाल बैरवा का चयन

**बौंली- बामनवास।** क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ागांव सरवर के छात्र विशाल बैरवा का राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड 2023- 2024 में चयन हुआ है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ा गांव सरवर का लगातार 3 वर्षों से इंस्पायर अवार्ड में चयन हो रहा है। विद्यालय के शिक्षक हेमराज दीक्षित ने बताया कि कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के आदेश क्रमांक शिविरा/ माध्य/ छाप्रोप/सी/ इंस्पायर अवार्ड 2023 -24 -06851 के अनुसार एमएम शरण पब्लिक स्कूल चंपालाल धर्मशाला के सामने सुरजपोल उदयपुर में संस्था प्रधान अंजली शर्मा के नेतृत्व में 12 मई से 14 मई 2025 तक आयोजित होगा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ागांव सरवर की शिक्षिका बबीता लायल के अथक प्रयासों से विज्ञान विषय में छात्रों की रुचि जागृत करने के परिणाम स्वरूप छात्र का चयन हुआ है। चयन होने पर छात्र विशाल बैरवा को उप प्रधानाचार्य गणेश मीणा, शिक्षक रामस्वरूप, प्रीतम, मुकेश, कमलेश, गीता, सुलोचना, कनकलाता, सत्यनारायण व संतरा देवी आदि ने छात्र का माल्यार्पण कर विदाई व शुभकामनाएं दी।

### अशोक जैन बने दूसरी बार अध्यक्ष

**निवाई।** लॉयंस क्लब के चुनाव को लेकर निर्वाचन अधिकारी हनुमानसहाय जैन के सानिध्य में बैठक आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से अशोक जैन को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया। मंत्री महेंद्र जैन लावा ने बताया कि कार्यकारिणी में मंत्री के पद पर मुकेश विजय व कोषाध्यक्ष अंशुल अग्रवाल को मनोनीत किया गया। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह अमरकंटक एमपी पर आयोजित किया जाएगा। लॉयंस क्लब द्वारा नि:शुल्क चैत्र चिकित्सा शिविर, नि:शुल्क स्वेटर-जर्सी वितरण, नि:शुल्क चश्मा वितरण, नि:शुल्क सेनेटर पेड वितरण एवं नि:शुल्क चिकित्सा एव परामर्श शिविर सहित कई प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाजसेवा के कार्य किए जाते है। इसी प्रकार समय समय पर पौध रोपण एवं पक्षियों के लिए परिंडे भी लगाकर पर्यावरण संरक्षण के सराहनीय कार्य किए जाते है। इस अवसर पर हुकुमचंद जैन, ज्ञानचंद जैन, विनय कासलीवाल, पारसमल जैन, डॉ राहुल जैन, सीए जयंतराज जैन व सुरेश जैन बड़ागांव सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### 10 अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**दूदू।** स्थानीय थाने पुलिस ने गत दो वर्षों पूर्व पुलिस थाने में दर्ज प्रकरण नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने के बाद फरार चल रहे2000 के इनामी टॉप 10 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार एक में 2023 को परिवादी द्वारा दूंदू थाने में अपनी नाबालिग बेटी के गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी के बाद पुलिस ने कार्रवाई कर नाबालिग बालिका को दस्तियाब किया जाकर आरोपी सोनाराम बावरिया के खिलाफ पोक्सो एक्ट में जुर्म प्रमाणित पाया गया फरार आरोपी सोनाराम बावरिया निवासी रायपुर अजीतगढ़ को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बाल अपचारी को डिटेन किया

**दूदू ।** स्थानीय थाने की पुलिस ने पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन पड़ासोली के पास संचालित बिफ एण्ड ब्राइट इंजीनियरिंग कॉलेज के कच्चे रास्ते पर एक लड़के द्वारा अवैध हथियार लेकर घूमने की सूचना के बाद अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक बाल अपचारी को डिटेन कर टोपी दार बंदूक बरामद कर ली थाना निरीक्षक मुकेश कुमार खराडिया ने बताया कि पुलिस थाने में मिली सूचना के बाद टीम ने पहुंचकर बाल अपचारी को डिटेन कर पुलिस थाने में पूछताछ हा शुरू कर दी है।

### 15 जोडों का हुआ पंजीयन

**निवाई।** वैष्णव बैरागी समाज के तत्वावधान में पीपल पूर्णिमा पर आयोजित प्रथम नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बाजार में स्थित लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में सम्मेलन के कोषाध्यक्ष शिवजीराम वैष्णव गोहरपुरा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। सम्मेलन अध्यक्ष गुलाब वैष्णव खंडवा ने बताया कि पीपल पूर्णिमा पर जमना गार्डन में आचार्य सीताराम निम्बार्क के सानिध्य में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# खनन के विरोध में फूटा आक्रोश, ग्रामीणों ने धरना देकर रास्ता जाम किया

**पावटा।** विराटनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पालड़ी के गांव हरिकिशनपुरा में अवैध खनन के विरोध में शुक्रवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा व ग्रामीणों ने रास्ता जाम कर दिया व धरने पर बैठ गए। अधिकारियों के समझाने पर भी नहीं माने, बोले खनन से हादसे की आशंका बनी रहती है। पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गांव की पहाड़ी में जाने वाले रास्ते को बंद कर जाम लगा दिया। सूचना पर तहसीलदार लालाराम यादव, पुलिस उपनिरीक्षक कश्मीर सिंह व ख़ान विभाग का फोरमैन मौके पर पहुंचे और समझाइश की लेकिन ग्रामीण नहीं माने। टेंट लगाकर ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि यहां मंदिर व आबादी क्षेत्र से मात्र 100 मीटर की दूरी पर खनन गैर कानूनी है और इससे हादसे की



टेंट लगाकर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन दिया।

आशंका रहती है। यहां से तेज गति से ट्रैक्टर व डंफर गुजरते है। इस दौरान मधु गुर्जर पुत्री कानाराम उम्र 6 साल, खुशी गुर्जर पुत्री कमलेश गुर्जर 8 साल की बच्चियां दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है। और रोज कोई ना कोई हादसे की आशंका बनी रहती है। वही पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने पुलिस अधिकारियों पर लीज में पार्टनर होने व बंद करने की धमकी देने का आरोप लगाया। जिस पर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने ग्रामीणों व मवेशियों सहित बंद होने की बात कही।

वही उन्होंने कहा कि मौके से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से

- हरिकिशनपुरा में लीज पर खान को लेकर चल रहें धरने में पहुंचकर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने ग्रामीणों का किया समर्थन

बातचीत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। क्योंकि ये इन सबकी मिलीभगत हैं। ये सभी ग्रामीणों की एकजुटता का परिणाम हैं की धरने के कारण मौके पर तहसीलदार ने खान को अस्थाई रूप से बंद करवाया और भरोसा दिलाया है ग्रामीणों की बिना इजाजत खान दोबारा शुरू नहीं होंगी।

इस मौके पर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व में धूडाराम, कालूराम, महिपाल, मुकेश , जगदीश, श्रीराम, विकास, रामपाल , विनोद, पूरण सहित ग्रामीणों ने कहा कि विराटनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पालड़ी के गांव हरिकिशनपुरा में पहाड़ी में किए जा रहे खनन को रुकवाने के लिए तहसीलदार को ज्ञापन दिया जा चुका है। यह आबादी के बिल्कुल नजदीक है। यहां सभी जातियों के आठ मंदिर बने हुए है। इनमें ग्रामीण पाठ पूजा करने जाते है। अगर पहाड़ी में खनन कार्य किया जाता है तो यह सभी मंदिर ध्वस्त हो जाएंगे। जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पहाड़ी के आसपास में रिहायशी आबादी है। खनन से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है और गांव के पशुधन भी चरने से वंचित हो गए हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर उक्त भूमि में होने वाले खनन कार्य को तुरंत प्रभाव से रुकवाने की मांग की है।

### कल निकलेगी प्रभात फेरी

**निवाई।** शहर की कायस्थ मोहल्ला स्थित श्री हरि कृष्ण चंद्रराय नया मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री नृसिंह व भगवान वराह प्राकट्ययोत्सव का आयोजन होगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को सुंदरकांड पाठ से होगा। मंदिर महंत विष्णु शर्मा ने बताया कि शनिवार को भगवान के प्रकाट्ययोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सांय 7:30 बजे सुन्दर काण्ड से होगा।

रविवार की सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके बाद प्रभात वेला में भगवान श्री नृसिंहजी की का श्रृंगार कर पूजा अर्चना की जाएगी एवं दोपहर 12 बजे आरती की जाएगी। शाम को सजीव 5:30 बजे महाआरती के बाद शाम 7:15 बजे भगवान श्री नृसिंह जी की प्राकट्यय लीला का आयोजन होगा जिसमें अनेक सजीव झांकियां सजाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 12 मई को सुबह 8 बजे भगवान श्री वराह की पूजा, श्रृंगार एवं उत्सव आरती की जाएगी।

# गंदे जल की निकासी के लिए सीवरेज कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के दिये निर्देश

**कोटपूतली।** नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने शुक्रवार को शहर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया एवं संबंधितों को पाबंद करते हुये सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी छोटे-बड़े नाले-नालियों की सफाई, शौचालयों की नियमित सफाई, खुले नालों पर स्लैब से ढकना तथा विभिन्न चौक चौराहों पर अवस्थित महापुरुषों की मूर्तियों की सफाई करने को कहा। साथ ही बाजार शाखा की टीम को पूरे मार्ग में अवैध व अव्यवस्थित रूप से लगाये गये होर्डिंग्स या बैनर को चिन्हित करते हुये हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद कार्मिकों को निर्देश दिये कि वे प्रतिदिन कूड़े का उचित तरीके से उठाव सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिये। उन्होंने सख्ती दिखाते



नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने शहर में देखी सफाई व्यवस्था।

हुये और भी बेहतर तरीके से सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में अधिक मात्रा में कूड़ा जमा होता है, वहां सुबह और शाम दोनों समय कूड़ा उठाना सुनिश्चित किया जाना चाहिये।

उन्होंने शहर की सीवरेज व्यवस्था का जायजा लेकर समयबद्ध गुणवत्ता के साथ कार्य सुनिश्चित करने को कहा तथा शहर की सडकों में जल भराव होने पर कंक्रीट एवं अन्य माध्यमों से उसकी मरम्मत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार निगरानी प्रणाली के तहत संबंधित सफाई निरीक्षक व अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जाकर सफाई कार्य देखें एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। इस दौरान एक्सईएन दीपक मीणा, एएफओ सत्यनारायण वर्मा, जेईएन भादर सिंह यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

सीवरेज लाईन निर्माण कार्य के धीमी गति से चलने व जगह-जगह किये जा रहे गड्ढों को सही तरीके से नहीं भरने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से यह राहगीरों व वाहन चालकों के लिये दुर्घटना का सबब बन रहे है। इन गड्ढों में गिर जाने से विगत दिनों कई बार चौपहिया वाहन धंस कर क्षतिग्रस्त हो चुके है,

वहीं आमजन के भी गिरकर घायल होने के समाचार सामने आते रहे है। शहर में जारी सीवरेज लाईन निर्माण की धीमी गति को देखते हुये शुक्रवार को नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

## प्रशासन ने सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण से मुक्त

**मालपुरा।** मालपुरा नगरपालिका शहरी क्षेत्र के अजमेर रोड गुर्जर छात्रावास के सामने सरकारी भूमि पर काबिज अतिक्रमियो के विरूद्ध उपखण्ड प्रशासन, नगरपालिका व राजस्व विभाग ने भारी पुलिस जाप्ते की मौजूदगी मे अभियान चला आठ से दस करोड की सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण से मुक्त। उपखण्ड अधिकारी एवं कार्यवाहक पालिका ईओ अमित चौधरी ने बताया कि अजमेर रोड गुर्जर छात्रावास के सामने मुख्य सडक किनारे से एक खातेदार की 16 बीघा 15 बिस्वा कृषि भूमि राजस्व रिकॉर्ड मे दर्ज है। लेकिन उक्त खातेदार मुख्य सडक किनारे तकरीबन 3 बीघा अनुमानित सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर अपना मालिकाना हक जमाये बैठा था।

उक्त मामले को लेकर राजस्व रिकॉर्ड की जांच की तो यह भूमि पालिका की बैसकिमती भूमि होना सामने आया। आज एसडीएम अमित चौधरी, तहसीलदार पवन मातवा, थानाधिकारी चेनाराम बेडा, राजस्व टीम व भारी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंच तीन जेसीबी मशीनो व पालिका के अतिक्रमण हटाओं दस्ते के सहयोग से सरकारी जमीन के अतिक्रमण मुक्त करवाया। एसडीएम ने बताया कि तकरीबन 2. 14 बीघा भूमि इसी खसरे

- एसडीएम ने बताया कि तकरीबन 2. 14 बीघा भूमि इसी खसरे के पास अन्य लोगो के कब्जे मे है। साथ ही तकरीबन 19 बीघा भूमि ऐसी सामने आई है। जो कृषि भूमि है जिसकी काश्त परिर्वतन नही करवाई गई है

के पास अन्य लोगो के कब्जे मे है। जिसे राजस्व विभाग ने 177 मे दर्ज कर उक्त पत्रावली अजमेर भेजी है। साथ ही तकरीबन 19 बीघा भूमि ऐसी सामने आई है। जो कृषि भूमि है जिसकी काश्त परिर्वतन नही करवाई गई है। पूर्व मे उक्त भूमि पर अलॉटमेंट होना भी सामने आया है। ऐसे मे उक्त 19 बीघा भूमि को भी विभाग ने 177 मे दर्ज कर पत्रावली अजमेर भेजी गई है। जिस पर भी जल्द कार्यवाही होगी। आज अतिक्रमण मुक्त करवाई गई सरकारी भूमि पर जल्द योजना बना ऑनलाईन भूखण्डो की निलामी की जायेगी। तकरीबन 4 घंटे से अधिक चली कार्यवाही के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## कलेक्ट्रेट कार्मिकों ने किया श्रमदान

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की पहल पर शुक्रवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर का मुआयना कर स्वयं भी श्रमदान कर कार्मिकों का हौसला बढ़ाया। कार्मिकों ने सफाई कर यह संदेश दिया कि श्रमदान के माध्यम से हर व्यक्ति को जुड़ना है एवं सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा बनाना है। श्रमदान के दौरान साफ की गई घास एवं अन्य कचरे के साथ ही मिट्टी को वहां से हटाकर अन्य स्थल पर डाला गया। श्रमदान के प्रति सभी ने रूचि दिखायी एवं अपने हाथों से श्रमदान कर कार्यालय परिसर को सदैव स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने की सीख दी।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि ऑफिसों में श्रमदान के कई फायदे होते हैं, जो न केवल कार्यस्थल के माहौल को बेहतर बनाते हैं, बल्कि कर्मचारियों के विकास में भी मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि अपने ऑफिस के लिए कुछ करने से कर्मचारियों में उस स्थान के प्रति अपनापन और जिम्मेदारी का भाव आता है। नियमित श्रमदान से कार्यस्थल साफ, सुंदर और व्यवस्थित रहता है, जिससे कार्यक्षमता भी बढ़ती है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 ज्ञान केन्द्रों के संचालको का सम्मान किया

**भरतपुर।** राजस्थान नोलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के सेवा प्रदाता डैश स्किल एडूटेन द्वारा शुक्रवार को आयोजित समारोह में भरतपुर, डीग व अलवर जिलों में संचालित ज्ञान केन्द्रों में से उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 ज्ञान केन्द्रों के संचालको का सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलती भाजपा की जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि तकनीकी शिक्षा विकास की धरोहर हैं बिना तकनीकी शिक्षा के रोजगार संभव नहीं है उन्होने कहा कि अव कम्प्यूटर का अपयोग सभी क्षेत्रों में होने लगा है आवश्यकता के अनुसार कम्प्यूटर आधारित नये-नये कार्यक्रम बनाकर मानवीय श्रम को आसान कर दिया है

विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद सूचना प्रौद्योगिक विभाग के अतिरिक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा ने कहा कि कम्प्यूटर का समूचित ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति को होना जरुरी है। इसी दृष्टि से राज्य सरकार विभिन्न प्रशिक्षण व पाठ्यक्रमों का संचालन कर रही है। उन्होने बताया कि जब से कम्प्यूटर का अनुप्रयोग राजकीय कार्यों में होने लगा है। तब से कार्य को गति मिली है और पारदर्शिता भी आई है।

तकनीकी शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी बढाने के लिये राज्य सरकार गरीब व जरुरतमंद महिलाओं को प्रत्येक वर्ष आरकेसीएल के माध्यम से कम्प्यूटर कोर्स जैसे आरएससीआईटी टैली. एवं स्पोकन इंग्लिस का कोर्स का नि:शुल्क प्रशिक्षण दियाला जाता है। उन्होने बताया कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आगे बढाने का प्रयास कर रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये आरकेसीएल के प्रोग्राम हैड अभय शंकर ने कहा कि आरसीआईटी प्रशिक्षण की पहुंच अधिकाधिक लोगों तक हम सभ को मिलकर प्रयास करना होगा ताकि ज्ञान केन्द्रों में अधिकाधिक युवक-युवतियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जा सके। क्षेत्रीय प्रबन्धक विशाल चक्रवर्ती ने कहा कि सामान्य पाठ्यक्रमों के साथ-साथ ए.आई रोबोटिक्स जैसे पाठयक्रमों में भी ज्यादा से ज्यादा को प्रवेश दिलाये। ये दोनो पाठ्यक्रम वर्तमान की आवश्यकता है। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक चांद मौहम्मद ने आरसीआईटी सहित अन्य कार्यक्रमों की उपयोगिता को आम लोगों तक पहुंचाने की तकनीकी पर प्रकाश डाला।

भरतपुर, डीग व अलवर जिलों में 150 ज्ञान केन्द्र संचालित है। जिनमें आरएससीआईटी, टैली एवं स्पोकन इंग्लिस जैसे रोजगार परख प्रशिक्षण दिये जाते है।

# बैठक में कलेक्टर ने जिले में 30 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य दिया

**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने हरियालो राजस्थान अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी दिए गए लक्ष्य को जन सहभागिता से निर्धारित समयसीमा में अर्जित करें तथा पौधे लगाने के बाद उनकी नियमित देखभाल करना सुनिश्चित करावें।

जिला कलेक्टर शुक्ला ने जिले में वर्षा ऋतु के दौरान हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले में 30 लाख से अधिक पौधे लगाने का विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य देते हुए कहा कि पौधारोपण न केवल राजकीय दायित्व है बल्कि पर्यावरण एवं समाज के प्रति हम सबकी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने निर्देश दिये कि पौधारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु विभागीय अधिकारी जनसहभागिता से अभियान की क्रियान्वित करावे।उन्होंने पौधारोपण अभियान के तहत विभागवार लक्ष्य निर्धारित किए जिसके तहत शिक्षा विभाग को 13 लाख 60 हजार, पंचायती राज विभाग को 9 लाख 60 हजार, वन



हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला ने समीक्षा बैठक ली।

विभाग को करीब 4 लाख, यूआईटी को 2 लाख, रीको को 2 लाख कम्पनियों के माध्यम से एवं 65 हजार खुद के क्षेत्र में कराने, विद्युत विभाग को 1 लाख 80 हजार, नगर निगम व नगरीय निकायों एवं प्रदुषण नियंत्रण मंडल को 1.50-1.50 लाख, कृषि विभाग, पीडब्ल्यूडी, खनि विभाग को 1-1 लाख तथा अन्य विभागों को करीब एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दियाउन्होंने रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देश दिये कि औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहित कर उनके सीएसआर फण्ड से चिन्हित ऑक्सीजन पार्क में पौधारोपण कराकर विकसित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि संबंधित विभाग पौधारोपण कराने के साथ-साथ खुदवाए गए गड्ढे व लगाए गए पौधे की दो अलग-अलग फोटो की जियो टैगिंग कराकर हरियालो राजस्थान के

- अभियान के तहत नवाचार के रूप में ऑक्सीजन पार्क होगा विकसित

एप पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही सुनिश्चित करें कि लगाए जाने वाले पौधे जीवित रहे इसके लिए उनकी सुरक्षा एवं सार-संभाल नियमित रूप से करे।

बैठक में उप वन संरक्षक अलवर राजेन्द्र हुड्डा एवं उप वन संरक्षक सरिस्का अभिमन्यु सहारण, एडीएम शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, आरटीओ सतीश चौधरी, सीडीईओ महेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, जीएम डीआईसी एम.आर मीना, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीना, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कृषि मंडी में 11 कट्टे सरसो चोरी

**मालपुरा ।** शुक्रवार की सवेरे मालपुरा कृषि मंडी मे दिन-दहाडे सरसो से भरे 11 कट्टे चोरी का मामला सामने आने पर व्यापारी ने कराय मामला दर्ज। मंडी व्यापारी चोपडा ट्रेडिंग कम्पनी की और से दी जानकारी मे बताया कि शुक्रवार की सवेरे मंडी पहुंचने पर तिरपाल के नीचे से 11 कट्टो सरसो के गायब मिले।पुलिस ने मंडी परिसर मे लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे तो कम्पनी के यहां से तकरीबन साढे सात बजे एक टैम्पो मे सरसो के कट्टे लदान कर मंडी के ही दुसरे व्यापारी भादूलाल माधुलाल गुर्जर के यहां कट्टो को बैचान के लिये उतार टैम्पो चालक ने मुकेश चौधरी डुंगरी के नाम से पर्ची बनवा कर चला गया। पुलिस ने टैम्पो चालक को पूछताछ के लिये बुलाया तो उसने बताया कि इस नम्बर से एक टेलिफोन आया जिसने कहा कि मेरे सरसो के कट्टे चोपडा ट्रेडिंग कम्पनी के यहां से उठाकर दुसरे व्यापारी के यहां रख दो वैसा ही मैने किया। मुकेश चौधरी का नाम सामने आने पर टोंक व पीपलू थाना क्षैत्र के थानो मे रिकॉर्ड देखा गया तो उक्त व्यक्ति के नाम पूर्व मे इस प्रकार चोरी व ठगी के मामले दर्ज है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शातिर सरसो चोर की तलाश शुरू की।

## सार-समाचार

### तिरंगा यात्रा निकाली



**शाहपुरा/मनोहरपुर ।** भारतीय सेना के अदम्य साहस और बलिदान को सम्मान देने हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा देशभर में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्थान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जयपुर स्थित पीसीसी कार्यालय से शहीद स्मारक तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने तिरंगा यात्रा में भाग लेते हुए कहा, "हमें अपनी शस्त्र बलों पर गर्व है। हमारी सेना हर हमले का डटकर मुकाबला कर रही है। इस आपदा की घड़ी में हम सब देश के साथ खड़े हैं और सेना के साहस को सलाम करते हैं।" तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवाओं और आम नागरिकों ने भाग लिया। यात्रा के माध्यम से देशभक्ति, एकता और भारतीय सेना के प्रति सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इस आयोजन ने न केवल राष्ट्र प्रेम को जाग्रत किया, बल्कि युवाओं में देश सेवा की भावना भी प्रबल की।

### श्याम मन्दिर में उमडे श्रद्धालु

**निवाई।** श्याम मन्दिर में एकादशी के शुभ अवसर पर भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। डॉ. शिवराज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एकादशी के शुभ अवसर पर बाबा श्याम का पन्चामृत से अभिषेक करवाया गया। बाबा श्याम का कलकता के फूलों से भव्य श्रंगार कर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। इस अवसर पर मन्दिर प्रांगण में पं. पूर्णानन्द शास्त्री ने एकादशी की कथा सुनाई। एकादशी के चलते दिन भर दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक नरेंद्र शर्मा ने गणेश वंदना से भजन संध्या की शुरुआत की। गायिका आशु भारती नैनवा ने बाबा श्याम के भजन सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। स्थानीय भजन गायक अनिल शर्मा, रवि पारीक व मनीष साहू ने श्याम बाबा की जयकार बोलो जी बोलो, श्याम धनी तेरे नाम से गुजारा हमारा, लेने आजा रींगस के उस मोड़ पे सहित कई भजन सुनाकर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या के बाद महाआरती कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।इस दौरान नरोत्तम अग्रवाल , रामकल्याण मुंशी, दीनदयाल शर्मा, पुरषोत्तम शर्मा, मुरारी अग्रवाल, अजय जैन, योगेंद्र जैन, हीरू रामचंदानी, सोनू फुलवानी, नरेश जैन, कुलदीप टेलर, राकेश सोनी सहित टोंक, मित्रपुरा, बनस्थली व नैनवा सहित आस-पास के क्षेत्र से आए श्याम भक्त मौजूद रहे।

### भैरव मंदिर के तीसरी दफा ताले टूटे, नहीं लगा सुराग

**सांभरझील।** यहां सब्जी मंडी की कूंट पर स्थित भैरव मंदिर को फिर तीसरी दफा चोरों ने अपना निशाना बनाया। आसपास के भैरव मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले लोगों ने बताया कि समझ में नहीं आ रहा है कि यह कौन चोर है जो भेरुजी के पीछे पड़े हैं। पहली बार भैरव की प्रतिमा पर चांदी के मुकुट उखाड़ कर ले गए थे और दूसरी दफा चोर ताला तोड़कर दान पात्र उठाकर ले गए, जिसमें दान पत्र में काफी मात्रा में नगदी बताई गई थी। पुलिस ने भी मौका मुआयना किया था लेकिन आज भी पुलिस के हाथ खाली है। आज तक इनका कोई अता-पता नहीं है। गुरुवार की रात्रि को भी चोरों ने भैरव मंदिर के गेट का ताला तोड़कर दान पत्र ले जाने का प्रयास किया गया लेकिन गनीमत रही की एक दिन पहले ही दान पत्र को चोरी के भय से फर्श पर लोहे के एंगल से स्थापित किया गया था, जिससे वे उखाड़ नहीं सके लेकिन चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर उसके पट खुले छोड़कर ताला वही पटक दिया था।

### रविन्द्रनाथ टैगोर जयंती मनायी

**भरतपुर।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर शुक्रवार को रविन्द्रनाथ टैगोर जयंती मनायी गयी। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि नोबेल पुरस्कार विजेता रविन्द्रनाथ टैगोर बंगाली साहित्य और संस्कृति के महान व्यक्ति हैं, उन्हें कवि, उपन्यासकार, नाटककार, गीतकार और दार्शनिक के रूप में उनके विश्वस्तरीय उत्कृष्ट कार्य के लिए जाना जाता है । वे विश्व साहित्य में अपने योगदान के लिए वर्ष 1913 में नोबेल पुरूस्कार प्राप्त करने वाले पहले गैर यूरोपीय थे। टैगोर ने भारत का राष्ट्रगान जन गण मनश् लिखा। उनकी उत्कृष्ट रचनाओं मे गीतांजलि, पोस्टमास्टर, काबुली वाला और नास्तनिरह प्रमुख हैं । वे ब्रिटिश शासन के आलोचक थे और जलियाँवाला बाग नरसंहार के विरोध में उन्होने ष्नाइटहुडश् की उपाधि त्याग दी थी। उनके व्यापक कार्यो ने उन्हे गुरूदेव की उपाधि दिलायी। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि उनकी माता शारदा देवी व पिता का नाम देवेन्द्रनाथ टैगोर था। उन्होंने विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना की और खुली व समग्र शिक्षा को बढावा दिया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बिजली समस्याओं के समाधान की मांग

**नारायणपुर ।** बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने शुक्रवार को जयपुर डिस्कॉम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा से मुलाकात कर बानसूर विधानसभा क्षेत्र की बिजली समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। विधायक शेखावत ने बताया कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र की बानसूर और नारायणपुर नगरपालिका की आबादी क्रमशः लगभग 45 हजार और 40 हजार है। वर्तमान में इन दोनों क्षेत्रों में 33/11 केवी के सब स्टेशन संचालित हैं, लेकिन कस्बों के तेजी से विस्तार और बढ़ती मांग के कारण ये सब स्टेशन अब ओवरलोड हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ओवरलोड के कारण इन क्षेत्रों में पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिल पा रहे हैं और लोगों को बिजली आपूर्ति में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने मांग की कि बानसूर और नारायणपुर दोनों नगरपालिका क्षेत्रों में नए 33/11 केवी के अतिरिक्त सब स्टेशन का निर्माण कराया जाए ताकि बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाया जा सके और आमजन को राहत मिल सके। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि लगातार मिल रही जनशिकायतों के मद्देनजर यह मांग आवश्यक हो गई है, जिससे क्षेत्र के विकास में भी रफ्तार लाई जा सके। प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने विधायक की मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### सैनिकों की जीत के लिए दुआ मांगी

**मनोहरपुर।** कस्बे में शुक्रवार को मुस्लिम समाज ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत किया और लोगों ने जुम्मे की सामूहिक नमाज अता करने के दौरान देश में अमन चैन, भाईचारा कायम रहने व देश के लिए लड़ रहे योद्धाओं व सेनिको के हौंसला अफजाई व जीत के लिए दुआएं मांगी। जानकारी देते हुए जामा मस्जिद के सदर जमील खान चौहान व हाजी सरदार खान पड़ियार ने बताया कि पहलगांव में आतंकियों के हमले के बाद केंद्र सरकार व भारतीय सेनाओं द्वारा आंतकवाद के खात्मे के लिए चलाया जा रहा ऑपरेशन सिंदूर सराहनीय कदम है। यह लड़ाई किसी धर्म के खिलाफ नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ है। ऐसे में भारतीय मुस्लिम राष्ट्र धर्म के नाते देश के साथ व भारतीय सेना के साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि इस मौके पर जुम्मे की सामूहिक नमाज अता करने के दौरान मस्जिद के इमामों ने जुम्मे की सामूहिक नमाज अता करवाई। नमाजियों ने देश मे अमन चैन व आपसी भाईचारे एवं देश के सैनिकों, योद्धाओं के हौंसले अफजाही की दुआएं मांगी।

### बीइएसएल की जनसुनवाई का आयोजन

**भरतपुर ।** भरतपुर में शुक्रवार को बिजली घर चौराहा स्थित भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड़ के सब-डिविजनल कार्यालय बिजली घर पर सुबह 10.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड़ के जनसंपर्क अधिकारी सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि भरतपुर शहर के मात्र 4 उपभोक्ता ही बिजली से संबंधित अपनी शिकायतें लेकर जनसुनवाई में आए। उपभोक्ता विद्युत बिल में किश्त करवाने, नया विद्युत कनेक्शन लेने और विद्युत लाइन शिफ्ट करवाने हेतु मिले। उन्होंने बताया कि ज्यादातर परिवादों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।